बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

सं0सं0–9/आ०–04–10/2021(स्वा0) ..... /पटना, दिनांकः–.....

डॉ० शाजिद हुसैन, तत्कालीन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिकन्दरा, जमुई के विरुद्ध वैश्विक महामारी के दौरान कोविड–19 की जाँच में निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का अनुपालन नहीं करने एवं संबंधित डाटा के सम्प्रेषण में अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं करने के आरोप में विभागीय संकल्प सं0–158(9), दिनांक–22.02.2021 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गई।

2. डा० हुसैन के विरुद्ध मानक संचालन प्रक्रिया का अनुपालन नहीं करने के आरोप को छोडकर अन्य आरोप को प्रमाणित पाए जाने के फलस्वरूप विभागीय अधिसूचना सं०–325(9). दिनांक–06.04.2023 द्वारा संचयी प्रभाव के बिना एक वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक की शास्ति अधिरोपित किया गया था साथ ही डा० हुसैन को विभागीय अधिसूचना सं0–125(9). दिनांक–12.02.2021 द्वारा निलंबित किया गया, निलंबन अवधि हेतु उनका मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया गया, डा० हुसैन के द्वारा निलंबन अवधि में नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज किया गया है, किन्तु डॉ० हुसैन के निलंबन अवधि पर निर्णय नहीं लिया जा सका।

3. विभागीय अधिसूचना स0–250(9), दिनाक–25.05.2021 द्वारा डा० हुसैन को निलंबन मुक्त करते हुए विभाग में पदस्थापन की प्रतीक्षा में योगदान करने हेतु आदेश दिया गया। डा० हुसैन वर्त्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अलीगंज, जमुई में कार्यरत हैं।

4. अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा डा० हुसैन की निलंबन अवधि दिनांक–12.02.2021 से 25.05.2021 में जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होने एवं आलोच्य अवधि की गणना पेंशन प्रयोजनार्थ किये जाने का विनिश्चय किया गया।

5. अतः डॉ० शाजिद हुसैन, **(कोटि क्र0–61636/सेवानिवृत्ति की तिथि 31.12.2047)** तत्कालीन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिकन्दरा, जमुई सम्प्रति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अलीगंज. जमुई की निलंबन अवधि दिनांक–12.02.2021 से 25.05.2021 में जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होने एवं आलोच्य अवधि की गणना पेंशन प्रयोजनार्थ किये जाने का निर्णय संसूचित की जाती है।

6. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
ह०/–
(उपेन्द्र राम)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः–9/आ०–04–10/2021(स्वा0) ..... /पटना, दिनांकः–.....

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः–9/आ०–04–10/2021(स्वा0) 1481(9B) /पटना, दिनांकः– 09.10.26

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय अपर–निदेशक, स्वास्थ्य सेवाऐं मुंगेर प्रमंडल मुंगेर/सिविल सर्जन, जमुई/कोषागार पदाधिकारी, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09/10/2026

15

प्रतिलिपिः—माननीय स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य विभाग, के प्रधान आप्त सचिव/सभी पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार पटना/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः—डॉ० शाजिद हुसैन, तत्कालीन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिकन्दरा, जमुई सम्प्रति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अलीगंज, जमुई को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः—Department PMU Lead/आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

09/10/2024

सरकार के अवर सचिव।